SHRI KHARABELA SWAIN (BALASORE): Sir, I will be very brief. I do not believe that any social upliftment in the backward areas is going to do away with the naxal menace because the naxals themselves do not want any development. They do not want that there should be any road, there should be any development in that region. It is the question of simply, mere holding on to the political power. There are different State Governments which are having, which have developed different types of ideas with regard to the root cause of this naxalism just like some States having very soft approach towards them. I would like to know whether the State Governments have already developed uniform strategy, uniform outlook towards the naxalism? … (*Interruptions*)

My second question is this. Now, the Central Government, as the hon. Minister said, is sending the CRPF to the States specifically after the last round of elections. My point is whether the CRPF battalions are properly trained to wage a guerrila jungle warfare against the naxals. How does the Central Government expect these CRPF battalions to be deployed in the States?

My last question is this. I am very happy that, at least, the Central Government, the Home Minister, has understood the futile effort of just having negotiations with the naxals because they started this process of negotiations in Andhra Pradesh. Everybody knew and we had very strongly objected to that.… (*Interruptions*) But they did it. I think he has understood it.

My last question is as to what sort of help has been extended to Orissa to modernise the police forces to deal with the naxal menace.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Now, Shri Rajiv Ranjan Singh 'Lalan'. Please ask a direct question.

**श्री राजीव रंजन सिंह 'ललन' (बेगूसराय)** : उपाध्यक्ष महोदय, देश में कई राज्य नक्सवाद से प्रभावित हैं, जहां नक्सलवादी और माओवादी गतिविधियां चल रही हैं। उनमें बिहार इससे सबसे ज्यादा प्रभावित राज्य है। जैसा सरकार ने अपने उत्तर में इस बात को स्वीकार किया है कि बिहार एक अति संवेदनशील राज्य हैं। नेपाल, झारखंड और उड़ीसा की सीमाओं से सटा होने के कारण बिहार नक्सलवाद से अधिक प्रभावित है। वहां नक्सलवाद की कई बड़ी घटनाएं हुईं - मोतिहारी में नक्सलवाद की घटना हुई, हमारे माननीय सासंद, श्री सीताराम सिंह के घर पर हमला हुआ।...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please put the question.

**श्री राजीव रंजन सिंह 'ललन'** : जहानाबाद में नक्सलवाद की घटना हुई। हम सरकार से जानना चाहते हैं कि बिहार में जो नक्सलवाद और माओवाद का जोड़तोड़ है।इस जोड़तोड़ को समाप्त करने के लिए क्या सरकार ने कोई योजना बनाई है? ...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: That question has already come.

Now, I call Shrimati Karuna Shukla.

... (*Interruptions*)

**श्री राजीव रंजन सिंह 'ललन'** : मेरा दूसरा सवाल यह है कि मुझे जानकारी मिली है कि नक्सलवाद प्रभावित राज्यों में इसका मुकाबला करने के लिए विशो सुरक्षा बल बनाने की सुविधा राज्य सरकारों को दी जा रही है, लेकिन उसमें बिहार को शामिल नहीं किया गया है। इसका क्या उद्देश्य है तथा इसके पीछे सरकार की क्या मंशा है, मैं यही जानना चाहता cÚÆ[R1]।

**उपाध्यक्ष महोदय :**उनके निर्वाचन क्षेत्र में समस्या आई है, इसलिए उनको मौका दिया है।

...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :**आपने कोई नोटिस नहीं दिया है।

...(व्यवधान)

**श्री मधुसूदन मिस्त्री (साबरकंठा)** : सर,सबने नोटिस नहीं दिया है।...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :**दिया है।

...(व्यवधान)

**श्रीमती करुणा शुक्ला (जाँजगीर)** : हमने दिया है।...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: I know how to run the House. I know my duty.

... (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Mr. Mistry, I know my duty.

... (*Interruptions*)

**श्रीमती करुणा शुक्ला** : उपाध्यक्ष महोदय, मैं सिर्फ दो प्रश्न करूंगी। नक्सलवादी समस्या का जहां से जन्म हुआ है, यह नक्सलवाद की समस्या एक ऐसा नासूर बन गई है कि अगर दो वियों पर हमारी यूपीए सरकार ने ध्यान नहीं गदिया तो इसका अंजाम पता नहीं क्या होगा ? पहला, अगर नौजवानों को अगर रोजगार उपलब्ध नहीं कराया गया तो यह समस्या दिनोंदिन बढ़ती जाएगी। दूसरे, इस समस्या का संबंध कहीं न कहीं धर्मान्तरण

से भी जुड़ा हुआ है। आदिवासी इलाके में जो नक्सलवादी हैं, हम महसूस करते हैं क्योंकि मैं उस क्षेत्र में जाती हूं, मैं वहा का दौरा करती हूं क्योंकि मेरे क्षेत्र के दो जिले नक्सलवाद से प्रभावित हो रहे हैं। धर्मान्तरण से भी यह समस्या कहीं न कहीं जुड़ी हुई है। धन के लालच में इन गरीब आदि वासियों का नक्सलवादी शोाण कर रहे हैं और फिरौती के रूप में छत्तीसगढ़ में सौ करोड़ रुपया प्रति र्वा वसूल कर रहे हैं। गृह मंत्री जी, इसकी तरफ ध्यान दीजिए। माननीय प्रधान मंत्री जी ने मुख्य मंत्रियों की एक बैठक नक्सलवाद की समस्या का हल करने के लिए बुलाई थी।...(व्यवधान) उनको आधुनिकतम हथियार उपलब्ध कराइए। माननीय गृह मंत्री जी, अगर आप आधुनिकतम हथियार उनको उपलब्ध नहीं कराएंगे तो गरीब रोज मारे जाएंगे, निर्दो जनता जो छत्तीसगढ़ में शांति अभियान चला रही है, उस निरीह जनता को मारा जा रहा है। आपने समय दिया, इसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Now, hon. Minister is on his legs.

… (*Interruptions*)

SHRI ADHIR CHOWDHURY (BERHAMPORE, WEST BENGAL): Sir, I have one pointed question please. … (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: No, please. Hon. Minister is on his legs.

… (*Interruptions*)

**उपाध्यक्ष महोदय :**मैंने उनका नाम ले लिया है। अब आप बैठ जाइए।

...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :**चलिए, आप पूछ लीजिए।

SHRI ADHIR CHOWDHURY : I am hailing from the State where naxalism was originated. … (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Put your question please.

SHRI ADHIR CHOWDHURY : Three or four districts of West Bengal have been severely affected by naxalism. What I would like to suggest hon. Minister is this. Naxalism is fed by poverty and penury. Further, ideology is also a component which has been hailed to flourish the naxalite activities in various parts of country. So, I would like to suggest the Union Government to wage an ideological battle against the naxalite menace.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please sit down.

… (*Interruptions*)

SHRI DHARMENDRA PRADHAN (DEOGARH): I have a very specific question please. … (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: No! Please sit down.

… (*Interruptions*)

**उपाध्यक्ष महोदय :**आप बैठ जाइए।

**श्री शिवराज वि. पाटील** : उपाध्यक्ष महोदय, बहुत सारे प्रश्न यहां पर उठाये गये हैं। मैं ज्यादा से ज्यादा प्रश्नो के उत्तर देने का प्रयास करूंगा। सबसे पहले प्रश्न यह था कि हमने नीति बनाई और सदन के सामने रखी। असल में यह कॉलिंग अटैंशन मोशन का नोटिस हमें आया और हमने ऑफिस में बैठकर नीति बनाई और इस सदन को दिया, ऐसा नहीं हुआ। यह नीति बहुत दिनों से हमारे पास है। इसके ऊपर हम अमल कर रहे हैं और बार-बार

हमने सदन में कहा है और सदन के बाहर कहा है कि नक्सलवाद को काबू में लाने के लिए सरकार की नीति है और इस पर अमल किया जा रहा है। यह कहने पर भी हर चर्चा में एक ही सवाल उठाया जाता था कि नीति नहीं है। इसलिए हमने छापकर आज नहीं, इसके पहले भी संसद में सदस्यों के हाथ में उस नीति की प्रतियां दी हैं और आज भी हम दे रहे हैं।

दूसरी बात यह कही गई कि हम ने इस मसले को छोटा बनाकर लोगों और सदन के सामने रखने की कोशिश की है, ऐसा नहीं है। मैने अपने स्टेटमेंट में एक वाक्य यह कहा है :Naxalite menace remains an area of serious concern. हमने मामले को छोटा बनाकर आपके सामने नहीं रखा। जिस प्रकार से मामला हमारे सामने आया है, उसी प्रकार उसे आपके सामने रखकर उसकी गम्भीरता को मान्यता दी है।

तीसरी बात यह है कि यहां बार-बार यह कहा जाता रहा है कि नक्सलवाद से 177 जिले प्रभावित हैं। दूसरे सदन में भी ऐसा ही कहा गया, सदन के बाहर भी ऐसा ही कहा गया। मैं यहां मौखिक रूप से और लिखकर जो वस्तुस्थिति दे रहा हूं, उसके बाद भी मुझे डर है कि यह बात बार-बार सदन के बाहर और यहां कही जायेगी कि 177 जिले नक्सलवाद से प्रभावित हैं,और ऐसा मामला 13 स्टेट्स में चल रहा है, भारतर्वा के फलां जिले प्रभावित है। यह बात सही नहीं है।...(व्यवधान)

**प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा** : जब आपने खुद अपने जवाब में इस बात को माना है कि 150 जिलों में से 55 में उनकी गतिविधियां चल रही हैं और वे उससे प्रभावित हैं...(व्यवधान)

**श्री शिवराज वि. पाटील :** उपाध्यक्ष जी, मैं .यह बताना जा रहा था कि क्या यदि एक गांव में कुछ हुआ, एक आदमी पकड़ा गया तो पूरा जिला प्रभावित हो गया? इसका क्या मतलब है? क्या इस तरह जिलों की संख्या बढ़ाने की कोशिश नहीं की जा रही है?...(व्यवधान)

**श्री प्रभुनाथ सिंह** :उपाध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी बता रहे हैं कि अगर किसी जिले के किसी एक गांव में नक्सलवाद की घटना घटी, तो पूरा जिला प्रभावित नहीं माना जायेगा लेकिन इससे दूसरा जिला भी तो प्रभावित हो सकता है, आप इस घटना को दूसरी निगाह से भी देखिये।

**श्री शिवराज वि. पाटील :** उपाध्यक्ष जी, मैं माननीय सदस्यों के साथ अपने ऑफिस में बैठकर इस पर चर्चा कर सकता हूं लेकिन यहां जिन माननीय सदस्यों ने जो सवाल उठाये हैं, मैं उनका उत्तर देने का प्रयास कर रहा हूं।...(व्यवधान) अगर इस प्रकार माननीय सदस्य बीच में बोलेंगे तो मेरा लिंक टूट जायेग। मैं यह बताने की कोशिश कर रहा था कि दूसरे सदन में एक बहुत ही प्रभावशाली सदस्य ने उठकर कहा था कि 13 स्टेट्स हैं, 177 जिले हैं, मैंने भी उन्हें यही कहा कि हम आप सब को साथ लेकर चल रहे हैं, विाय की गम्भीरता को कम नहीं कर रहे हैं। इसलिये मैंने अपने ऑफिस में बैठकर अपने साथियों से यह पूछा कि कुल कितने पुलिस स्टेशन प्रभावित हैं। मैं यह नहीं जानना चाह रहा था कि कितने गांव नक्सलवाद से प्रभावित हैं? गांव प्रभावित होने के बाद इनकी संख्या और कम हो जाती है मगर मैंने प्रभावित गांवों की बात नहीं की बल्कि मैने पुलिस थानों की बात की । आज की तरीख में हमारे पास ऐसे 12 हजार पुलिस स्टेशन हैं जिनमें सिर्फ 509 पुलिस स्टेशन ही नक्सलवाद से प्रभावित हैं और केवल 55 जिलों के अंदर इनका प्रभाव है। मगर यहां बार बार कहा जा रहा है कि 177 जिले नक्सलवाद से प्रभावित हैं। इसका परिणाम क्या होता है, मैं आपको बताना चाहता हूं। जो लोग हाथ में हथियार लेकर बाहर निकल कर लोगों को डराते हैं, वे आदमी के मन में डर पैदा करके उनसे पैसा निकालते हैं, उनकी जायदाद लेने की कोशिश करते हैं, उन लोगों को दबाकर लेते हैं। यह ऐसी प्रक्रिया है जिससे जोर पहुंचता है। यह डर की भावना है जो आप लोगों के कहने से बढ़ जाती है कि इसमें फलां जिले प्रभावित हैं। अगर हम कम नहीं करें तो बढ़ाकर भी नहीं बोलें। अगर हम कम करके बोलेंगे तो गलती करेंगे, अगर बढ़ाकर बोलेंगे तो भी गलती करेंगे। इसलिये बार बार यह कहना कि 177 जिले हैं, 13 स्टेट्स हैं, नेपाल से लेकर तमिलनाडु तक रैड कॉरिडोर बना हुआ है, इसका असर लोगों के मन में डर की भावना बढ़ने से हो रहा है तो ऐसा कुछ नहीं है। टैरर पैदा करने का काम करना ठीक नहीं है। ...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** प्रभु नाथ सिंह जी, आप बैठिए। आपका रिकॉर्ड पर नहीं जा रहा है।

केवल माननीय गृह मंत्री का भााण रिकॉर्ड होगा अन्य किसी का नहीं।

**श्री शिवराज वि. पाटील :** श्रीमन्, यही बात है। कोई आदमी हथियार लेकर चलता है, गोली चलाता है और टैरर पैदा करने का करता है। कोई आदमी लिखकर धमकियां देकर टैरर पैदा करने का काम करता है और कोई आदमी बोलकर टैरर पैदा करने का काम करता है। हमारा उद्देश्य यह है कि हम फीयर साइकोसिस पैद न करें। अतः जो वस्तुस्थिति है, उसे ध्यान में रखना जरूरी है।

महोदय, यहां बड़ी अच्छी चर्चा हुई, अच्छे और पाइंटेड प्रश्न पूछे गए। इसे डील करने में हमारी जो गलती हो रही है, उसे हमें ध्यान में रखना है न कि तूतू-मैंमें करनी है। हम कहें कि आपके समय में ऐसा हुआ, आप कहें हमारे समय में ऐसा हुआ। यह ठीक नहीं है। आप कहें कि पूरे देश में 170 जिलों में, 200 जिलों में या 400 जिलों में नक्सवाद चल रहा है, यह ठीक नहीं है। जो असलियत है, उसे समझना जरूरी है। अगर

असलियत आपको मान्य नहीं है, तो आप मत मानिए। यदि आप बोलना चाहते हैं कि बिहार में यह हो रहा है, इतने जिले नक्सलवाद से प्रभावित हैं, तो आप बोलते रहिए। अगर आपके ऐसा बोलने से बिहार में नक्सलवाद कम होता है, तो आप जरूर बोलिए, लेकिन आपके बोलने से डर पैदा होता है, तो ऐसा बोलना अच्छा नहीं है।...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** प्रभु नाथ सिंह जी, आप बैठिए। आपका कुछ भी रिकॉर्ड पर नहीं जा रहा है।

...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please do not disturb.

… (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing will go on record except the submission of the hon. Minister.

*(Interruptions) …**

MR. DEPUTY-SPEAKER: Prabhunath Singh Ji, nothing is going on record. Please take your seat.

*(Interruptions) …**

SHRI SHIVRAJ V. PATIL: Sir, he is all the time getting up… (*Interruptions*) I am not yielding. Why is he standing up?… (*Interruptions*)

PROF. VIJAY KUMAR MALHOTRA : Sir, it is not a question of yielding… (*Interruptions*)

SHRI SHIVRAJ V. PATIL: Sir, he had his say, allow me to have my say… (*Interruptions*)

PROF. VIJAY KUMAR MALHOTRA : He should not criticise… (*Interruptions*)

SHRI SHIVRAJ V. PATIL: Why should not I criticise?… (*Interruptions*) I am not bound by his statement… (*Interruptions*)

---

* Not Recorded.

PROF. VIJAY KUMAR MALHOTRA : We are also not bound by his statement… (*Interruptions*)

SHRI SHIVRAJ V. PATIL: Sir, they should follow the procedure… (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Mr. Minister, please address the Chair.

… (*Interruptions*)

SHRI SHIVRAJ V. PATIL: Sir, why is he disturbing me all the time?… (*Interruptions*) What is that I am saying? Am I blaming his party or their parties? I am talking about the principle. Why is he getting up? If he does not want to accept it, let him not accept it… (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please address the Chair.

SHRI SHIVRAJ V. PATIL: Sir, if the House maintains… (*Interruptions*) I am not saying a word against a party, against a Government, against a Member. I am talking about the principle. The principle is that if we create the

fear psychosis; and then making strident statements, is not going to help us to control the Naxal movement. It will help spread fear psychosis by making wrong statements, strident statements and that is exactly what I am trying to say. Why are they getting up unnecessarily? Did I say anything against his Government, his party or himself?

**प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा :** जो आपने किताब में लिखा है, मैं उसी में से बता रहा हूं। ...(व्यवधान)

SHRI SHIVRAJ V. PATIL: He should just keep quiet and hear me. If he does not want to accept, he should not accept it.

**उपाध्यक्ष महोदय :** मैं उन्हें शान्त करने की कोशिश कर रहा हूं।

SHRI SHIVRAJ V. PATIL: I am saying that 177 districts are not affected. I have given the number. I have given the number of police stations, which are affected and it is in the vicinity of 500 police stations. 12 हजार पुलिस स्टेशनों में से 500 पुलिस स्टेशन हैं। आप जितना अंदाजा लगा रहे हैं, वह लगाइए, उसे मैं नहीं रोकता। यहां एक अच्छी बात यह कही गई कि समुद्र के मार्ग से भी हथियार आ रहे हैं और आतंकवाद बढ़ रहा है। कहा गया कि तामिलनाडु के समुद्र से यहां हथियार पहुंच सकते हैं या पहुंच रहे हैं। यहां तो यह नहीं कहा गया, लेकिन दूसरी जगह कहा गया कि गुजरात और अन्य मार्गों से भी हथियार आ रहे हैं। उसके लिए हमने कदम उठाए हैं। हमने कदम उठाए हैं कि हमारे समुद्री तट की सुरक्षा के लिए एक स्कीम बनायी गयी है। इसके लिए खासकर गुजरात की सरकार ने डिमान्ड रखी थी। इस स्कीम के तहत गुजरात, महाराट्र , उड़ीसा, तमिलनाडु की सरकारों को हम करीब-करीब पांच सौ करोड़ रूपये की मदद कर रहे हैं और उन्हें कह रहे हैं कि आप समुद्र के किनारे पुलिस थाने बनाइए, जिनमें कोस्टल एरिया में काम करने वालों को रखिए और आप उनको बोट, शिप और हथियार दीजिए। हम जो पैसा राज्य सरकारों को दे रहे हैं तो हम उनसे यह अपेक्षा करते हैं कि उस पैसे का उपयोग जरूर किया जाएगा। यहां कॉलिंग अटेंशन लाने वाले माननीय सदस्य ने एक सुझाव दिया कि आज के जमाने में यह देखा जा रहा है कि ग्रेनेड और लैण्ड माइन्स का प्रयोग किया जा रहा है। उनका सुझा व था कि सेना लैण्ड माइन्स निकालने के लिए जिस यन्त्र का प्रयोग कर रही है, इसमें भी उन्हीं यन्त्रों का प्रयोग किया जाए। इस सुझाव को हमने पहले ही मान लिया है कि जो आर्मी के रिटायर्ड अधिकारी हैं, उनकी इस कार्य में सहायता ली जाए। खास तौर से नक्सल प्रभावित राज्यों में आर्मी के उपयोग को हम टालते हैं लेकिन यदि जरूरत पड़ी तो लैण्ड माइन्स को निकालने के लिए हम उनका प्रयोग करेंगे।

**14.52 hrs.** (Shri Mohan Singh in the Chair)

यहां पर यह भी पूछा गया कि रोजगार हामी योजना का क्या उपयोग है? यदि इस योजना का उपयोग नहीं है तो तत्काल रोजगार कैसे दिया जा सकता है। महाराट्र के अंदर रोजगार हामी योजना लगभग तीस-चालीस साल पहले से लागू की गयी है और उसका वहां पर फायदा हुआ है। यहां पर भी जो रोजगार हामी योजना लगायी गयी है, हम समझते हैं कि उसका भी लाभ होगा। उस पर लगभग 40 हजार करोड़ रूपये का खर्च आएगा। मंत्री जी को मैं इसके लिए हमेशा धन्यवाद देता हूं। यह बहुत अच्छी योजना है। यदि पचास आदमी काम मांगें तो उन्हें काम मिलेगा। यदि आदमी बेकार और भूखा है और वह काम मांगता है तो न कलैक्टर, न एमएलए, न एमपी कुछ दे सकता है। इस योजना के लागू होने के बाद उसे काम मिलेगा। इस योजना को राज्य सरकारों को लागू करना है। चाहे किसी भी पार्टी की सरकार हो, उन्हीं की मदद से इस योजना को लागू करना है। मुझे ऐसा लगता है कि पूरे तरीके से न सही, लेकिन बहुत हद तक इस योजना से लागों को लाभ होगा। इस संबंध में यह बात भी आयी की क्या सरकार की तरफ से इस योजना को नकसल प्रभावित एरिया में लागू करने के लिए कोई आदेश या निर्देश दिए गए हैं? मुझे यह नहीं मालूम है कि रूरल डेवलपमेंट मिनिस्ट्री की तरफ से निर्देश हुए हैं या नहीं। जब मुख्यमंत्री के साथ हमारी बातचीत होती है तो हम उन्हें कहते हैं कि इस योजना को यदि नक्सल प्रभावित एरिया में पहले लागू करेंगे तो इससे फायदा होगा।

महोदय, यहां पर यह भी कहा गया कि लोकल पॉलिटिशियन एवं नक्सलवादियों के बीच में बातचीत होती है, या उनके संबंध होते हैं। इस बारे में वहां के लोकल लोगों को ज्यादा मालूम होगा। इस बारे में मेरे द्वारा टिप्पणी किया जाना ठीक नहीं होगा, क्योंकि इससे यह लगेगा कि इस पार्टी या उस पार्टी पर टिप्पणी कर रहे हैं। हम यह उस पार्टी के लीडर पर छोड़ देते हैं और उनको कहेंगे कि यदि ऐसा हो रहा है तो आप उसको रोकिएगा लेकिन हम सरकार की तरफ से उसमें दखल नहीं देंगे। लेकिन नक्सलवादी खून-खराबे का या लोगों को धमकाने का काम कर रहे हैं, उस पर कानून अपना काम करेगा और जो उसमें हो सकता है, वह अवश्य होगा।

श्रीमन्, यहां पर बटालियन खड़ी करने की बात पूछी गई तो मैं आपको बताना चाहता हूं कि हमने हर प्रान्त की सरकार को बटालियन खड़ी करने के लिए इजाजत दी है। आन्ध्र प्रदेश को 6 आई.आर. बटालियन खड़ी करने की इजाजत दी है, बिहार को तीन आई.आर. बटालियन खड़ी करने की इजाजत दी है, उड़ीसा को दो बटालियन खड़ी करने की हमने इजाजत दी है, छत्तीसगढ़ को दो बटालियन खड़ी करने की इजाजत दी है, महाराट्र को दो बटालियन खड़ी करने की इजाजत दी है, झारखण्ड को तीन बटालियन की इजाजत दी है, मध्य प्रदेश को एक, उत्तरांचल को दो और तमिलनाडू को दो बटालियन खड़ी करने की इजाजत दी है। इसके बाद भी हम और भी बटालियन इनको खड़ी करने के लिए इजाजत देंगे। मैं आपको बताना चाहता हूं कि इन इंडिया रिजर्व बटालियन को पहले हम एक बटालियन खड़ी करने के लिए 13, 14, 15 करोड़ रुपये देते थे, मगर अब हम

करीब-करीब 20 करोड़ रुपये दे रहे हैं। ये पैसे हम स्टेट गवर्नमेंट को देते हैं, लेकिन मेरा दुख यह है और मैं सदन में कहना चाहूंगा कि केन्द्र सरकार की ओर से बटालियन खड़ी करने के लिए पैसा देने के बावजूद भी जिन सरकारों को ये बटालियन खड़ी करने के लिए कहा गया है, उन्होंने खड़ी नहीं कीं। सदन में हमारे कुछ साथी उठकर बोलते हैं कि हमारे प्रान्त को इतना दे दो, उनको दे दिया है, उसके बाद भी उन्होंने खड़ी नहीं की हैं। हम आपको रिक्वैस्ट करेंगे कि अपने साथियों से जाकर, वहां पर मिलकर बतायें कि यह पैसा आपके खजाने से नहीं, केन्द्र सरकार के खजाने से आ रहा है, उसका उपयोग कीजिए। मैं स्टेट का नम्बर दे रहा हूं, यहां खड़ा होकर कह रहा हूं कि इसका उपयोग होना चाहिए। अगर उपयोग नहीं होगा तो आप बाहर जाकर बोलेंगे कि केन्द्र सरकार ने हमें मदद नहीं दी, हम तो उसका जवाब देने के लिए वहां नहीं रहेंगे, लेकिन उसका कोई उपयोग नहीं होने वाला है और मैं फिर आपको बताना चाहता हूं कि हर प्रान्त को, ये जो प्रान्त हैं, इनको पैरा मिलिट्री फोर्सेज़ जो हमने आज तक दिये हैं, पैरा मिलिट्री फोर्सेज़ में सदन की मालूमात के लिए मैं कहना चाहूंगा कि 26 बटालियन नक्सल इफैक्टिड स्टेट्स को हमने दिये हैं। 26 का मतलब यह होता है कि कुछ छोटे राट्रों की सेना भी इतनी बड़ी नहीं होती है, इतनी पुलिस फोर्स, पैरा मिलिट्री फोर्स उनको हमने उपलब्ध कराई है। इन बटालियनों को छोड़कर और भी 10 बटालियन हम उनको दे रहे हैं। इस प्रकार से 36 बटालियन नक्सल इफैक्टिड स्टेट्स में दे रहे हैं। 26 तो पहले ही वहां पर हैं और 10 हम उनको दे रहे हैं। ये देने के बाद उसका कैसे उपयोग करना है, वह हमने स्टेट गवर्नमेंट पर छोड़ दिया है। अगर हमने कहा कि आप ऐसा उपयोग कीजिए, ऐसा मत कीजिए तो वह बात दुरुस्त नहीं होगी, कांस्टीट्यूशन वह एलाऊ भी नहीं करता है और वह बात दुरुस्त भी नहीं होगी। मगर उनको इतनी पैरा मिलिट्री फोर्स हमने दी है, इसको सदन को ध्यान में रखना पड़ेगा। 26 बटालियन का मतलब होता है, करीब-करीब 20 हजार मैन एण्ड आफिसर्स। करीब 20 हजार मैन एण्ड आफिसर्स का उपयोग अगर नक्सल एक्टिविटीज़ में उपयोग करने के लिए वे नहीं कर रहे हैं और किसी स्टेट के पास एक लाख की फोर्स है, किसी के पास 50 हजार की है, किसी के पास 60 हजार की है This is over and above what they have और इसके बाद ये स्पेशल फोर्सेज़ हैं और इनका अगर वहां उपयोग नहीं हुआ तो हमें बैठकर यहां पर काम करना पड़ेगा।...(व्यवधान) एक बटालियन 700 से एक हजार तक हो जाती है।

यह एक बहुत अच्छी बात यहां पर किसी ने पूछी कि आपकी लोंग टर्म प्लानिंग क्या है या इसको काबू में लाने के लिए आप क्या नये तरीके अपनाने जा रहे हैं, ऐसा यहां पर मुझसे पूछा गया। लोंग टर्म प्लान हमारा यह है कि इस विाय को हमें जरा गम्भीरता से लेना जरूरी है। आपने दो सम्माननीय सदस्यों के प्रश्न यहां पर सुने। एक सम्माननीय सदस्य ने कहा कि आप पहले तो कह रहे थे कि हम बात करेंगे, वे तो हमारे भाई-बहन हैं। जो भी हम कहते हैं कि जो भी यहां हिन्दुस्तान में रहता है, वह भी भाई-बहन है। वह गुस्से वाला भाई-बहन हो, लड़ने वाला भाई-बहन हो, वह कोई पराये देश का तो नहीं है। उसके लिए पहले भी हमने यह कहा था कि गुस्से वाला भाई-बहन अगर दूसरे को बन्दूक से मार रहा है तो हम उसकी पीठ पर जाकर अपना हाथ रखेंगे और कहेंगे कि तुम बड़ा अच्छा काम कर रहे हो, हम आपके साथ बात करेंगे, ऐसा हमने कभी नहीं कहा था।

**15.00 hrs.**

एक सम्माननीय सदस्य ने कहा कि वे भी हमारे बच्चे हैं, अगर बाहर के देश के लोग हमारे साथ लड़ाई करते हैं और उसके बाद आप बात करते हैं, बाहर के लोग हथियार लेकर यहां के लोगों को मारते हैं, उनसे बात करते हैं, तो यहां के लोगों से क्यों बात नहीं करनी चाहिए - हमसे ऐसा कहा गया। हम इन दोनों चीजों को ध्यान में रखकर बातचीत करने की बात पहले से कह रहे हैं। हमने पहले ही कहा है कि जिन्होंने हथियार छोड़ दिया है, जिन्होंने शांति का मार्ग अपनाया है, उनके साथ बातचीत करने में कोई दिक्कत नहीं है। उन्होंने कुछ गलती की, इसलिए हम बात नहीं करेंगे, ऐसा हमारा दृटिकोण नहीं है। मगर कोई बंदूक लेकर आ रहा है और हम यहां से उनके सामने खड़े होकर बातचीत की अर्जी लेकर जा रहे हैं - ऐसा नहीं है। ये दोनों चीजें भी नहीं होंगी। जो हथियार छोड़ेगा, जैसे जम्मू-कश्मीर में और नार्थ-ईस्ट में हमने हथियार छोड़ने वालों को सरकारी नौकरी में लिया, उनको ट्रेनिंग दी, उनको पैसा देकर नौकरी दी है। अगर आंध्र प्रदेश् और उड़ीसा में ऐसा हो रहा है तो हम वहां ऐसा नहीं करेंगे या ऐसा नहीं होगा - हमने ऐसा भी नहीं कहा है। हमारा एक बैलेंस है। हमारा बैलेंस यह है कि हम बातचीत उन लोगों से करेंगे, जो हिंसा पर अपना भरोसा नहीं रखते हैं, हिंसा छोड़कर हम लोगों के साथ बातचीत करने के लिए आ रहे हैं। मगर किसी के साथ हम बातचीत नहीं करेंगे, ...(व्यवधान)

SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN (CHIRAYINKIL): That is what I mean.

SHRI SHIVRAJ V. PATIL: I am supporting your stand. Why are you getting up?

**सभापति महोदय** : आप इनकी पूरी बात सुन लीजिए।

**श्री शिवराज वि. पाटील** : यह जो चीज है, बड़े बैलेंस्ड तरीके से सरकार की तरफ यह बात कही गयी है। हमसे पूछा गया है कि हमारा स्पेशल प्लान क्या है? हम सबसे पहले बताना चाहते हैं कि इस मामले को जिस प्रकार से प्रांत की सरकार हल करना चाहती हैं, उसे प्लान के रूप में वे बनायें, ऐसा हमने उनसे रिक्वेस्ट किया है। आप इकौनामिक डेवलेपमेंट पर जोर देकर उसे हल करना चाहते हैं, सोशल जस्टिस करके आप उसे हल

करना चाहते हैं, पुलिस की मदद से उसे हल करना चाहते हैं, शक्ति का उपयोग करके आप उसे हल करना चाहते हैं, जिस प्रकार से भी आप हल करना चाहते हैं, आप तैयार कीजिए और उस प्लान के बारे में बगल के प्रांत से भी चर्चा कीजिए, ताकि उसमें कोई फेर न हो और हमारे साथ भी आप चर्चा कीजिए। हम अपनी बात आपको बता देंगे कि इस प्रकार से, अंतिम जो बातचीत आ जाएगी, उसी प्रकार से हम उनका विरोध करेंगे।

दूसरी बात, हम कह रहे हैं कि नक्सलाइट्स को कंट्रोल करने का काम पुलिस स्टेशन के आठ-दस लोगों पर मत छोड़िए। बिहार और छत्तीसगढ़ के कुछ जिलों में जो हुआ, वह यह है कि एक जगह पर पचास, साठ, सौ या दो सौ लोग आकर पुलिस स्टेशन पर हमला करते हैं, जहां दस लोग बैठे हुए हुए हैं, उन पर हमला करते हैं। वहां पुलिस या तो उनको गोली चलाकर मारे या न मारे - हमने उनको कहा है कि आप आपरेशन के लिए खासकर अपनी कंपनीज को तैयार करके रखिए, जब भी आप को इन्फार्मेशन मिले, उसका उपयोग करके उनको कंट्रोल करने की कोशिश करिए।

तीसरी बात यह कही है कि टेररिस्ट या वायलेंट एक्टिविटीज को अगर कंट्रोल करने के लिए कोई सही उपाय है, तो वह इंटेलीजेंस है। हथियार भी उतना काम नहीं करता, जितना इन्फार्मेशन और इंटेलीजेंस काम करता है। आज इंटेलीजेंस जमा करने का काम आईबी, रॉ, डिफेंस, इंटेलीजेंस की तरफ से नेशनल लेवेल पर करते हैं और हम उनको इन्फार्मेशन भी देते हैं, मगर उसका उपयोग नहीं होता है, क्योंकि किस जगह पर और किस वक्त घटना होने वाली है, इसकी मालुमात होना जरूरी है। पुराने जमाने में यह मालुमात जमा किया जाता था। उसे गांव का कोतवाल जमा करता था, पुलिस का कांस्टेबल जमा करता था, जो तालुका और जिला स्तर पर उसे करता था और वही उसका उपयोग करता था। आज के इस सुधरे हुए जमाने में भी, जो पहले के सिस्टम हैं, वे खत्म हो गए जैसे लगते हैं, इसलिए हम स्टेट्स को कह रहे हैं। Actionable intelligence, that is, intelligence on which you can act and which will give you information as to the place and the time when the attack will be made by the terrorists, should be available. इसके लिए उनको प्लान बनाकर हम काम करने के लिए बोल रहे हैं। हमने उनको कहा है कि इस पर अगर आपको काम करना है, तो जितनी फोर्सेज आपको चाहिए, आप प्लान बनाइए, छः महीने के अंदर आप एक्शन लेने वाले हैं, तो हम आपको एक-दो बटालियन देंगे। एक्शन लेने के बाद हमको आप वापस कर दीजिए। अगर यहां से भेजी गई फोर्स को पुलिस थाने या सड़क पर लॉ एंड आर्डर कंट्रोल करने के लिए उपयोग में लाएंगे, तो वह नहीं होगा। यह हमारा दूसरा प्लान है।

तीसरी बात हमने कही है कि लैंडमाइन्स, ग्रेनेड्स और कार बम का ज्यादा उपयोग हो रहा है। लैंड माइन्स, ग्रेनेड्स और कार बम के उपयोग का विरोध करने के लिए, उस पर कंट्रोल करने के लिए हमने अपने कुछ तरीके अपनाए हैं। इसके लिए हम स्टेट पुलिस को आर्म्ड व्हीकल्स दे रहे हैं। हमने 50 आर्म्ड व्हीकल्स दिए हैं, 10 आर्म्ड व्हीकल्स अभी जा रहे हैं। इस प्रकार हम 200 आर्म्ड व्हीकल्स स्टेट गवर्नमैंट को दे रहे हैं और कह रहे हैं कि उनका उपयोग कीजिए।

चौथी बात है कि उनके अंदर उनकी पुलिस बैठकर जाए। वे बेचारे भी किसी के बच्चे हैं, वे खत्म नहीं होने चाहिए। यदि किसी जगह से किसी इंजर्ड व्यक्ति को ले जाना है, तो उसके लिए हम हेलीकाप्टर की व्यवस्था भी करने जा रहे हैं। हमने उनको पैसा दिया है, लेकिन हमें इस बात का दुख है कि जो पैसा पुलिस मॉडर्नाइज़ेशन, पुलिस एक्सपैंशन के लिए दिया गया है, वह खर्च नहीं हुआ। हमारे बिहार के कुछ साथियों ने कहा कि पैसा खर्च क्यों नहीं हुआ है। मुझे दुख लगता है कि वहां पैसा खर्च नहीं हुआ और जिन दूसरे राज्यों में पैसा दिया गया, वहां भी खर्च नहीं हुआ। अगर पैसा देने के बाद भी खर्च नहीं हो रहा है, तो हम क्या कर सकते हैं। नक्सलाइट एक्टीविटीज़ को सिर्फ हथियार से रोकने वाली एक्टीविटीज़ समझकर नहीं चलेगा। ढाई हजार करोड़ रुपये के करीब पैसा नक्सल अफैक्टेड डिस्ट्रिक्ट्स की इकोनॉमिक डैवलपमैंट को दिया जा रहा है। यह सरकार की ओर से इरीगेशन, एजूकेशन, हैल्थ, पावर और ट्रांसपोर्ट के लिए दिए गए पैसे के अलावा है। जो पैसा दिया गया है, अगर उसका उपयोग नहीं होगा तो उसका क्या मतलब है। अगर तू-तू, मैं-मैं, तुमने यह नहीं किया, हमने यह नहीं किया करना है, तो ठीक है। पैसा दिया गया है, अगर नहीं दिया गया, तो और बात है। मैं नाम बता सकता हूं लेकिन नहीं बता रहा हूं, परन्तु माननीय सदस्यों को मालूम होना चाहिए कि अगर पैसा है तो उसका उपयोग होना चाहिए।

मैं समझता हूं कि इस बारे में इससे ज्यादा कहने की आवश्यकता नहीं है।...(व्यवधान)

-------------

**सभापति महोदय :** अभी और भी एजेंडा है। यह ध्यानार्काण प्रस्ताव है और इसका समय समाप्त हो गया है। ध्यानार्काण पर वाद-विवाद नहीं होता।

...(व्यवधान)

**श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज, बिहार) :** हम वाद-विवाद नहीं कर रहे हैं।...(व्यवधान)

**सभापति महोदय :** आपने जो प्रश्न उठाए, उनके उत्तर दे दिए गए हैं। अभी और भी एजेंडा है।

...(व्यवधान)

**श्री प्रभुनाथ सिंह** : सभापति महोदय, मैं गृह मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि बिहार में रैपिड एक्शन फोर्स स्थापित करने का काम करेंगे या नहीं?

**श्री शिवराज वि. पाटील** : आपको जो बटालियन दिए गए हैं, पहले उनको खड़ा कीजिए।...(व्यवधान)

**सभापति महोदय :** अब माननीय कृा िमंत्री जी का आइटम 39 लिया जाता है।

...(व्यवधान)

THE MINISTER OF AGRICULTURE AND MINISTER OF CONSUMER AFFAIRS, FOOD AND PUBLIC DISTRIBUTION (SHRI SHARAD PAWAR): As per theList of Business, the National Institute of Fashion Technology Bill, 2006 may be taken up first. Later on, item no. 39 may be taken up. … (*Interruptions*)

**सभापति महोदय :** अध्यक्ष महोदय ने व्यवस्था दी है कि कृा िमंत्री जी के उत्तर के बाद उसे लिया जाए। हमारी व्यवस्था है कि कृा िमंत्री जी उत्तर दे दें।

...(व्यवधान)

**श्री शरद पवार** : मुझे कोई एतराज नहीं है।

**सभापति महोदय :** आप दोनों की व्यवस्था समझते हैं। गृह मंत्री जी का उत्तर काफी विस्तृत हुआ है, उसके बाद भी माननीय सदस्य संतुट नहीं हुए।

...(व्यवधान)

**श्री भँवर सिंह डांगावास (नागौर)** : आप किसी नक्सली को सरैंडर करवाकर इम्प्लॉयमैंट देंगे तो सब बेरोजगार लोग नक्सली बन जाएंगे!...(व्यवधान)

**सभापति महोदय :** नक्सलवाद को खत्म करने का एक उपाय है जो कृा िकी तरक्की से होगा। उनका जो उत्तर है, वह इससे सप्लीमैंट हो जाएगा, आप निश्चिन्त रÉÊcA[R2]।